# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2026-2027)

## कक्षा-दसवीं

## हिंदी-अ (कोड 002)

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को पढ़कर उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

## खंड-क

## (अपठित बोध)

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

आज के समय में पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी सर्वोत्तम माध्यम हैं। जो व्यक्ति नियमित रूप से पढ़ता है, उसकी भाषा, विचार शक्ति और निर्णय क्षमता अन्य लोगों की अपेक्षा अधिक विकसित होती है। पुस्तकें हमें अनेक देशों, संस्कृतियों और महान व्यक्तियों के अनुभवों से परिचित कराती हैं। आज इंटरनेट और मोबाइल के बढ़ते प्रयोग के कारण पढ़ने की आदत कुछ कम हुई है, परंतु डिजिटल माध्यमों ने पुस्तकों तक पहुँच को भी आसान बना दिया है। आवश्यकता इस बात की है कि हम मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक साहित्य पढ़ने की आदत भी बनाए रखें। विद्यालयों, पुस्तकालयों और परिवारों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि बचपन से ही पढ़ने की रुचि विकसित कर दी जाए, तो विद्यार्थी आजीवन सीखने वाला नागरिक बन सकता है। पढ़ने की आदत व्यक्ति में धैर्य, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास का विकास करती है। यही कारण है कि सफल व्यक्तियों के जीवन में पुस्तकों का विशेष स्थान रहा है। पुस्तकों के अध्ययन से विद्यार्थी केवल परीक्षा में अच्छे अंक ही प्राप्त नहीं करता, बल्कि जीवन की समस्याओं को समझने और उनका समाधान खोजने की क्षमता भी विकसित करता है। अच्छी पुस्तकें मनुष्य को सही और गलत में अंतर करना सिखाती हैं तथा उसके भीतर नैतिक मूल्यों का संचार करती हैं। पढ़ने वाला व्यक्ति समाज के प्रति अधिक जागरूक और उत्तरदायी बनता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिदिन कुछ समय पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त उपयोगी साहित्य के अध्ययन के लिए अवश्य निकालना चाहिए।

(क) नियमित अध्ययन करने वाले व्यक्ति में सबसे अधिक किसका विकास होता है? (1)

(i) बुद्धिमता और भ्रम

(ii) भाषा और विचार

(iii) धन और प्रसिद्धि

(iv) समझ और कुटिलता

(ख) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए: (1)

कथन : आज पुस्तकें पहले की तुलना में अधिक लोगों तक पहुँच रही हैं।

कारण : काग़ज़ के उत्पादन में वृद्धि से किताबें सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं।

(i) कथन सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(ii) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

(iii) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(ग) निम्न में से कौन-से विचार गद्यांश के संदर्भ में सही हैं? (1)

I. पुस्तकें व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं।

II. मोबाइल के कारण पढ़ने की आदत पूरी तरह समाप्त हो गई है।

III. विद्यालय और परिवार पढ़ने की आदत विकसित करने में सहायक हैं।

IV. सफल व्यक्तियों का पुस्तकों से कोई संबंध नहीं होता।

(i) कथन (I) और (II)

(ii) कथन (I) और (III)

(iii) कथन (II) और (IV)

(iv) कथन (III) और (IV)

(घ) गद्यांश के आधार किन्हीं दो गुणों का उल्लेख कीजिए जो व्यक्ति के भीतर पढ़ने की आदत के कारण विकसित होती हैं? (2)

(ङ) पुस्तकों और उपयोगी साहित्य के अध्ययन की आवश्यकता क्यों बनी हुई है? दो बिंदुओं में लिखिए। (2)

**प्रश्न 2**. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

भरी दुपहरी में अँधियारा<br>
सूरज परछाईं से हारा

अंतरतम का नेह निचोड़ें, बुझी हुई बाती सुलगाएँ
आओ फिर से दिया जलाएँ
हम पड़ाव को समझे मंज़िल
लक्ष्य हुआ आँखों से ओझल
वर्तमान के मोहजाल में आने वाला कल न भुलाएँ
आओ फिर से दिया जलाएँ
आहुति बाक़ी यज्ञ अधूरा
अपनों के विघ्नों ने घेरा
अंतिम जय का वज्र बनाने
नव दधीचि हड्डियाँ गलाएँ
आओ फिर से दिया जलाएँ

(क) काव्यांश में बार-बार दिया जलाने का आहवान किसका प्रतीक है? (1)

(i) निराशा में आशा जगाना
(ii) दोपहर में दीप जलाना
(iii) उत्सव का आयोजन करना
(iv) बाती को बदलते रहना

(ख) काव्यांश के आधार पर सही कथनों का चयन कीजिए: (1)

I. कवि लक्ष्य से न भटकने की प्रेरणा देता है।
II. कवि वर्तमान के मोह में कल भूलने को कहता है।
III. कवि अधूरे यज्ञ को पूरा करने की बात करता है।
IV. कवि संघर्ष छोड़कर विश्राम करने को कहता है।

(i) कथन (I) और (II) सही हैं।
(ii) कथन (I) और (III) सही हैं।
(iii) कथन (II) और (IV) सही हैं।
(iv) कथन (III) और (IV) सही हैं।

(ग) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए: (1)

कथन : कवि के अनुसार रुक जाना ही मंज़िल पाना है।

कारण : पड़ाव को मंज़िल समझने से लक्ष्य ओझल हो सकता है।

(i) कथन सही है लेकिन कारण सही व्याख्या नहीं है।

(ii) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।

(iii) कथन सही है और कारण सही व्याख्या है।

(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(घ) काव्यांश में 'बुझी हुई बाती सुलगाएँ' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। (2)

(ङ) कवि ने संघर्ष और त्याग की आवश्यकता किन संकेतों से व्यक्त की है? दो बिंदुओं में लिखिए। (2)

**खंड-ख**

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

**प्रश्न 3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (4X1=4)

(क) वर्षा रुकने पर बच्चे मैदान में खेलने लगे।। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) जो विद्यार्थी नियमित अभ्यास करता है, वही सफलता प्राप्त करता है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) बादल घिरते ही मोर नाचने लगे। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) मैंने पुस्तक खरीदी तथा पढ़ना शुरू कर दिया। (रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

(ङ) जो पेड़ फल देता है, वही झुकता है। (आश्रित उपवाक्य का भेद लिखिए)

**प्रश्न 4**. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (4X1=4)

(क) शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ख) बच्चों से शोर नहीं किया जाता। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)

(ग) मज़दूर सड़क बना रहे हैं। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(घ) सैनिकों ने सीमा की रक्षा की। (वाच्य पहचानकर भेद बताइए)

(ङ) बच्चे शांत नहीं बैठ सकते। (भाववाच्य में बदलिए)

**प्रश्न 5.** निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : (4X1=4)

(क) <u>सभी</u> विद्यार्थी समय पर पहुँचे।

(ख) वह <u>धीरे-धीरे</u> आगे बढ़ा।

(ग) राम <u>विद्यालय</u> गया।

(घ) मोहन <u>सुंदर</u> चित्र बनाता है।

(ङ) हम <u>कल</u> दिल्ली जाएँगे।

**प्रश्न 6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए : (4X1=4)

(क) <u>सूरज हँसकर धरती को अपनी किरणों से सहलाता है।</u>

(ख) <u>सागर-सा गंभीर ह्रदय हो।</u>

(ग) <u>मुख मानो चंद्रमा है।</u>

(घ) <u>चरण-कमल बंदौ हरि राइ।</u>

(ङ) देख लो साकेत नगरी है यही <u>स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही।</u>

**खंड-ग**

**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)**

**प्रश्न 7**. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर विकल्प चुनकर लिखिए- (5X1=5)

नवाब साहब ने सहसा हमें संबोधन किया, 'आदाब अर्ज़', जनाब, खीरे का शौक फ़रमाएँगे? नवाब साहब का सहसा भाव-परिवर्तन अच्छा नहीं लगा। भाँप लिया, शराफ़त का गुमान बनाए रखने के लिए हमें भी मामूली लोगों की हरकत में लथेड़ लेना चाहते हैं। जवाब दिया, 'शुक्रिया, किबला शौक फरमाएँ।' नवाब साहब ने फिर एक पल खिड़की से बाहर देखकर गौर किया और दृढ़ निश्चय से खीरों के नीचे रखा तौलिया झाड़कर सामने बिछा लिया। सीट के नीचे से लोटा उठाकर दोनों खीरों को खिड़की से बाहर धोया और तौलिए से पोंछ लिया। जेब से चाकू निकाला। दोनों खीरों के सिर काटे और उन्हें गोदकर झाग निकाला। फिर खीरों को बहुत एहतियात से छीलकर फाँकों को करीने से तौलिए पर सजाते गए।

लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं। ग्राहक के लिए जीरा-मिला नमक और पिसी हुई लाल मिर्च की पुड़िया भी हाज़िर कर देते हैं। नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा-मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी। उनकी प्रत्येक भाव-भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से स्पष्ट था कि उस प्रक्रिया में उनका मुख खीरे के रसास्वादन की कल्पना से प्लावित हो रहा था।

**(क)** गद्यांश में 'मामूली लोगों की हरकत' से किसे कहा गया है?

(i) खीरा बेचना

(ii) शराफत दिखाना

(iii) खीरा खाना

(iv) तौलिया बिछाना

**(ख)** नवाब साहब द्‌वारा खीरे को तैयार करने के लिए क्या किया गया?

I. पानी से खीरों को धोया

II. काटकर झाग निकाला

III. हल्दी-लाल मिर्च बुरकी

IV. तौलिए से ढककर रखा

**विकल्प :**

(i) कथन **I** और **II** सही हैं।

(ii) कथन **III** और **IV** सही हैं।

(iii) केवल कथन **II** सही है।

(iv) कथन **I, II** और **III** सही हैं।

**(ग)** कथन और कारण को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए:

कथन : नवाब साहब को नमक-मिर्ची के साथ खीरे खाने का बहुत शौक था।

कारण : उनका मुख खीरे के रसास्वादन की कल्पना से प्लावित हो रहा था।

**विकल्प :**

(i) कथन सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है**।**

(ii) कथन गलत है लेकिन कारण सही है **।**

(iii) कथन सही है और कारण**,** कथन की सही व्याख्या है**।**

(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं **।**

**(घ)** गद्‌यांश के अनुसार नवाब साहब यातायात के किस माध्यम से सफ़र कर रहे हैं?

(i) बस

(ii) रेलगाड़ी

(iii) हवाई जहाज़

(iv) साइकिल

**(ङ)** नवाब साहब द्‌वारा खीरा खाने की प्रक्रिया से उनके व्यक्तित्व के कौन-से गुण झलकते है?

I. स्वच्छता

II. अनुशासन

III. अधीरता

IV. सलीका

**विकल्प :**

(i) कथन **I** और **III** सही हैं।

(ii) कथन **III** और **IV** सही हैं।

(iii) केवल कथन **I** सही है।

(iv) कथन **I, II** और **IV** सही हैं।

**प्रश्न 8.** निर्धारित गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए: (3X2=6)

(क) 'लखनवी अंदाज़' पाठ में नवाब साहब के व्यवहार से उनके व्यक्तित्व की कौन-सी दो विशेषताएँ स्पष्ट होती हैं? लिखिए।

(ख) किन घटनाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि 'बालगोबिन भगत' प्रगतिशील सोच के व्यक्ति थे? विचार करते हुए लिखिए।

(ग) अगर आप किसी व्यक्ति को उसके किसी प्रिय की मृत्यु के शोक में तनावग्रस्त देखें तो आप उसे शोक से उबारने के लिए क्या तर्क देकर समझाएँगे? पाठ 'बालगोबिन भगत' के आधार पर लिखिए।

(घ) 'नेताजी का चश्मा' कहानी देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश देने में कितनी सफल हुई है? विश्लेषण करते हुए लिखिए।

**प्रश्न 9.** निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (5X1=5)

बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी।।
पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू।।
इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं।।
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना।।
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहहु सहउँ रिस रोकी।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरें कुल इन्ह पर न सुराई।।
बधें पापु अपकीरति हारें। मारतहूँ पा परिअ तुम्हारें।।

(क) प्रस्तुत पद में वक्ता और श्रोता क्रमश: हैं: (1)

I. परशुराम - राम

II. राम - लक्ष्मण

III. लक्ष्मण - परशुराम

IV. विश्वामित्र - परशुराम

(ख) 'सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरें कुल इन्ह पर न सुराई।' पंक्ति में कुल परंपरा के बारे में क्या बताया गया है? सही विकल्प का चयन कीजिए - (1)

I. गाय पर प्रहार नहीं किया जाता।
II. भक्त पर प्रहार नहीं किया जाता।
III. देवता पर प्रहार नहीं किया जाता।
IV. राक्षसों पर प्रहार नहीं किया जाता।

विकल्प

i. कथन I और IV सही है।
ii. कथन II और III सही है।
iii. कथन I, II और III सही है।
iv. कथन II, III और IV सही है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए: (1)

कथन : आप (परशुराम) मारें तो भी आपके पैर ही पड़ना चाहिए।

कारण : लक्ष्मण का मानना है कि परशुराम आयु में बड़े होने के कारण आदरणीय हैं।

I. कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।
II. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है।
III. कथन (A) सही है और कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
IV. कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) 'भृगुसुत' और 'महाभट मानी' शब्द किसके लिए प्रयोग किए गए हैं? (1)

I. लक्ष्मण
II. परशुराम
III. राम
IV. विश्वामित्र

(ङ) लक्ष्मण के अनुसार परशुराम क्या करने का प्रयास कर रहे हैं? सही विकल्प का चयन कीजिए- (1)

I. बार-बार फरसा दिखाकर डराना।
II. फूँक से पहाड़ उड़ाना।
III. सभा को उत्साहित करना।
IV. क्रोध को कम करना।

विकल्प :

i. कथन I सही है।

ii. कथन I और II सही है।

iii. कथन II और III सही है।

iv. कथन I और IV सही है।

**प्रश्न 10.** निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए। (3X2=6)

(क) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है? दो उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'आत्मकथ्य' कविता में कवि अपनी निजी पीड़ा को सार्वजनिक करने से क्यों बचना चाहता है? दो बिंदुओं में अपना उत्तर लिखिए।

(ग) जयशंकर प्रसाद का अपनी स्मृतियों को पाथेय के रूप में चित्रित करने का क्या कारण है? विश्लेषण कीजिए।

(घ) 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' में आपको राम, लक्ष्मण और परशुराम में से किसका चरित्र अधिक प्रभावित करता है? कारण सहित अपना उत्तर लिखिए।

**प्रश्न 11.** पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए: (2X4=8)

(क) झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाए गंतोक का लेखिका ने किस प्रकार वर्णन किया है? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ की लेखिका को 'लायुंग' किन कारणों से अधिक पसंद आया? आपके विचार से किसी पर्यटन स्थल को प्रसिद्ध और दर्शनीय बनाने वाले बिंदु कौन-से होते हैं?

(ग) 'पुरुष भी बच्चों के पालन-पोषण भली-भाँति कर सकते हैं।' 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित भोलानाथ और उसके पिता के जीवन प्रसंगों से दो उदाहरण लेते हुए कथन के पक्ष में उचित तर्क प्रस्तुत कीजिए।

## खंड-घ

## (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (1X6=6)

(क) **डिजिटल शिक्षा: अवसर और चुनौतियाँ**

- डिजिटल शिक्षा का बढ़ता महत्व

- लाभ एवं सीमाएँ
- प्रभावी उपयोग के सुझाव

(ख) **स्वस्थ जीवन: सबसे बड़ा धन**

- स्वास्थ्य का महत्व
- संतुलित भोजन एवं व्यायाम
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपाय

(ग) **जल संरक्षण: समय की आवश्यकता**

- जल संकट के कारण
- जल बचाने के उपाय
- नागरिकों की भूमिका

**प्रश्न 13.** (क) आप **दानिश/ज़ेबा** हैं। आपके विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित होने वाली है। अपने मित्र को पत्र लिखकर उसमें भाग लेने के लिए प्रेरित कीजिए। (लगभग 100 शब्द) (1X5=5)

**अथवा**

(ख) आप **आरव/आर्या** हैं। आपके क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय की आवश्यकता है। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर पुस्तकालय स्थापित करने का अनुरोध कीजिए। (लगभग 100 शब्द)

**प्रश्न 14.** (क) आपका नाम **दीपक/दीपिका** है। आप विद्यालय की ओर से आयोजित शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सम्मिलित नहीं हो सकते। अपने कक्षा-अध्यापक को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखकर अपनी अनुपस्थिति की सूचना दीजिए। (1X5=5)

**अथवा**

(ख) आपका नाम **बलजीत कौर/सुखविंदर सिंह** है। आपने बी.कॉम. तथा कंप्यूटर एप्लीकेशन का डिप्लोमा किया है। एक निजी कंपनी में ऑफिस असिस्टेंट के पद के लिए आवेदन भेजना चाहते हैं। लगभग 80 शब्दों में अपना संक्षिप्त स्ववृत्त तैयार कीजिए।

**प्रश्न 15.** (क) "हरित ऊर्जा" नामक संस्था के लिए एलईडी बल्ब एवं सौर ऊर्जा उपकरणों के प्रचार हेतु लगभग 40 शब्दों का आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (1X4=4)

**अथवा**

(ख) विद्यालय में आयोजित 'स्वच्छता जागरूकता सप्ताह' के सफल आयोजन पर प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की ओर से विद्यार्थियों के लिए लगभग 40 शब्दों का बधाई एवं प्रेरणा संदेश लिखिए।